बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 414/2023

डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 के आधार पर राज्य के डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु जारी प्रथम सूची के चयनित आवेदकों/अन्य आवेदकों तथा संबंधित प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य के लिए आवश्यक सूचनाः–

समिति की विज्ञप्ति संख्या पी0आर0 387/2023 के क्रम में सभी संबंधित हितधारकों को यह सूचित किया जाता है कि राज्य के डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2023–25 में नामांकन हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2023 के पश्चात् ऑनलाइन आवेदन के आधार पर समिति द्वारा नामांकन हेतु प्रथम चरण की चयन सूची दिनांक 11.11.2023 को जारी की गयी थी। चयनित आवेदकों को निर्गत Intimation Letter में आवंटित संस्थानों में नामांकन हेतु दिनांक 13.11.2023 से 18.11.2023 तक की अवधि निर्धारित थी, **जो अभ्यर्थी हित में दिनांक 25.11.2023 तक विस्तारित की जाती है।**

2. तद्नुसार नामांकन एवं अन्य गतिविधियों की संशोधित समय तालिका निम्नवत् है :–

क्र०सं०	कार्य	तिथि
i	नामांकन की विस्तारित अवधि	25.11.2023 तक
ii	आवेदकों द्वारा नामांकन के पश्चात् स्लाइड अप की प्रक्रिया के लिये ऑनलाईन आवेदन की अवधि	25.11.2023 तक
iii	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से सीट अद्यतन (Updation) किया जाना	26.11.2023 तक
iv	जिस विद्यार्थी का चयन प्रथम चयन सूची में कहीं भी नहीं होता है, उसके लिये नया विकल्प भरने अथवा पूर्व के विकल्प में परिवर्तन करने की अवधि	27.11.2023 से 28.11.2023 तक
v	द्वितीय चयन सूची जारी करने की तिथि	02.12.2023
vi	द्वितीय सूची के आधार पर नामांकन अवधि	04.12.2023 से 06.12.2023 तक
vii	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से सीट अद्यतन (Updation) किया जाना	07.12.2023
viii	तृतीय सूची जारी करने की तिथि	10.12.2023
ix	तृतीय सूची के आधार पर नामांकन अवधि	11.12.2023 से 12.12.2023 तक
x	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से सीट अद्यतन (Updation) किया जाना	13.12.2023

3. **प्रथम चरण में जिन आवेदकों का नामांकन हेतु संस्थान का आवंटन हुआ है और उन्होंने अभी तक अपना नामांकन नहीं लिया है, उन्हें यह परामर्श दिया जाता है कि वे उक्त निर्धारित तिथि 25.11.2023 तक अपना नामांकन अवश्य करा लें। जो आवेदक अपने आवंटित संस्थान में उक्त अवधि तक नामांकन नहीं लेते हैं उनका अभ्यर्थित्व अगले चरणों के लिये समाप्त कर दिया जाएगा।**

4. डी०एल०एड० कोर्स संचालित सभी संस्थानों के प्राचार्य को निर्देश दिया जाता है कि इस संबंध में समिति के विज्ञप्ति/पत्रों के माध्यम से समय–समय पर दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

5. समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 387/2023 में निर्धारित अन्य निर्देश एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

18/11/23

परीक्षा नियंत्रक, विविध
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

18/11/23

18-11-23

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांक : टी०टी०प्रे०...564.../2023 पटना, दिनांक : ...18.../...11.../2023

प्रतिलिपि: 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. M/s Kids International Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. निदेशक, आई०टी०/उप निदेशक, आई०टी० (विविध) को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान एवं अन्य को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।

4. वित्त पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

5. सभी संबंधित संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7. निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

8. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित ।

18/11/23

परीक्षा नियंत्रक, विविध

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

18/11/23

18.11.23

Scanned with OKEN Scanner